# समाचार वाणी
खबर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026


## 1 जुलाई से एसटी बस टिकट मे बंड़ा बदलाव, इन यात्रियों को मिलेगा 15% का फायदा।


Publisher

Published on 30 Jun 2025




## आषाढ़ी एकादशी, गणपति उत्सव और लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को एसटी टिकट पर 15% की छूट, जाने पूंरी योजना की डिटेल्स।

**मुंबई, महाराष्ट्र: महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम** (**MSRTC**) ने यात्रियों को राहत देने वाला बड़ा फैसला लिया है। **1 जुलाई 2025** से लंबी दूरी की **एसटी बस यात्रा** करने वाले यात्रियों को **15%** की छूट दी जाएगी। यह छूट उन यात्रियों को मिलेगी जो **150 किलोमीटर** से अधिक दूरी की यात्रा के लिए आगामी आरक्षण कराएंगे।

हालांकि यह योजना छूट पाने वाले (**Concession Holder**) यात्रियों पर लागू नहीं होगी, और केवल पूर्ण टिकट लेने वाले यात्रियों को ही इसका लाभ मिलेगा।

किसे मिलेगा 15% का लाभ ?

१. **जो यात्री 150 किमी से अधिक की दूरी के लिए एडवांस टिकट बुक कराते है।**

२. **जो पूर्ण टिकट ले रहे है (किसी सरकारी या सामाजिक योजना से छूट नहीं ली है)**।

३. **यह योजना पूरे साल लागू रहेगी, सिर्फ दिवाली और गर्मी की छुट्टियों के भीड़भाड़ वाले समय को छोड़कर**।

### आषाढ़ी एकादशी और गणपति उत्सव मे भी फायदा

राज्य सरकार ने यह योजना **आषाढ़ी एकादशी** और **गणपति उत्सव** के अवसर पर यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए और अधिक फायदेमंद बना दिया है। **पंढरपुर** के लिए नियमित ए**सटी बसों का आरक्षण** कराने वाले यात्रियों को भी यह **15%** की छूट मिलेगी। **कोकण क्षेत्र** की ओर जाने वाले चाकरमानी यात्रियों को भी एडवांस बुकिंग करने पर लाभ मिलेगा।

**हालांकि यह छूट अतिरिक्त (जादा) बसों पर लागू नहीं होगी।**

**ई-शिवनेरी बस सेवा मे भी छूट**

**मुंबई-पुणे के बीच चलने वाली ई-शिवनेरी लग्जरी बसों मे भी यह योजना लागू होगी।**

यात्री यदि एसटी की वेबसाइट public.msrtcors.com या **MSRTC Bus Reservation** ऐप के माध्यम से एडवांस टिकट बुक करते हैं, तो उन्हें 15% की छूट मिलेगी।

‘**मुंबई 1**‘ कार्ड और **NCMC कार्ड** से टिकट बुकिंग की सुविधा

१. **अब यात्री ‘मुंबई 1‘ कार्ड या NCMC (National Common Mobility Card) से भी एसटी बसों का टिकट बुक कर सकेगें।**

२. **यह कार्ड मेट्रो, लोकल और एसटी बस सेवा के लिए एक ही रहेगा।**

३. **डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए एसटी बोर्ड NCMC कार्डधारकों को विशेष छूट और लाभ देने की तैयारी मे है।**

**आषाढ़ी यात्रा के लिए विशेष सुविधा – 40 यात्रियों के ग्रुप को विशेष सेवा**

**परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक** ने जानकारी दी कि इस वर्ष **आषाढ़ी एकादशी यात्रा** के लिए **5200 विशेष एसटी बसे** चलाई जाएंगी। किसी भी गांव से अगर 40 या अधिक **श्रद्धालु मिलकर एसटी बस बुक करना चाहे**, तो उन्हें सीधे **पंढरपुर के लिए बस उपलब्ध** कराई जाएगी।

इसके लिए यात्रियों को अपने नजदीकी **एसटी डेपो** से संपर्क करना होगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.